दिनांक 23 मार्च 2020
स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कोरोना वायरस के संक्रमण से रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए शौचालयों में आने वाले लोगों के लिए वाशबेसिन/हैंडवॉश की है पर्याप्त व्यवस्था, हैंडवॉश के लिए किया जा रहा है निगम द्वारा प्रेरित

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों में वाशबेसिन/ हैंडवॉश की पर्याप्त व्यवस्था की गई है! यहां आने वाले लोगों को हैंडवॉश के लिए प्रेरित किया जा रहा है तथा जन जागरूकता के तहत शौचालयों में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी किए गए एडवाइजरी का पंपलेट भी चस्पा किया जा रहा है ! सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों में प्रतिदिन लोगों का आना-जाना लगा रहता है, शौचालय लोगों की दिनचर्या में शामिल है जिसको देखते हुए निगम भिलाई के समस्त सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों में हैंडवॉश की व्यवस्था की गई है, हाथों को संक्रमण मुक्त रखने के लिए इस व्यवस्था में लगातार इजाफा किया जा रहा है!

जनसंपर्क अधिकारी